

## एक नजर में

### स्तरीय विज्ञान नाटिका में सांदीपनि विद्यालय प्रथम



**देवास।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सन्नौड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट विद्यालय देवास में आयोजित जादू नहीं, विज्ञान है जिला स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के प्रत्येक 6 विकासखंड से चयनित कुल 9 टीमों ने सहभागिता की, जिसमें सांदीपनि विद्यालय सन्नौड की टीम ने अपनी उत्कृष्ट, रोचक एवं संदेशप्रद प्रस्तुति से निर्णायकों और दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। नाटिका में तनीषा पटेल, लक्ष्मी दुबे, अक्षिता पटेल, कृष्णा चौहान एवं सुजल पटेल ने अपनी सशक्त अभिनय क्षमता, संवाद प्रस्तुति एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से अंधविश्वास के विरुद्ध विज्ञान का संदेश प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिवार को पूरे जिले में गौरव की अनुभूति हुई। जयश्री शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं सहयोगी शिक्षक ऋषि मालवीय, रीना पटेल के सतत मार्गदर्शन अभ्यास एवं सहयोग से यह सफलता प्राप्त हुई। विद्यालय के प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसानिया ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजेता विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पुष्पहार एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्य ने प्रतियोगिता हेतु प्रारंभ से अंत तक हर स्तर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को पूर्ण सहयोग, प्रोत्साहन एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराईं, जिसके फलस्वरूप यह ऐतिहासिक सफलता संभव हो सकी। विद्यालय परिवार ने विजेता टीम को शुभकामनाएँ देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

### वरिष्ठ कांग्रेसी पठान का निधन

**भौरासा।** भौरासा नगर के हाजी इंसाफ खा पठान लाइनमैन के बड़े भाई



वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद बड़ा मोहल्ला पंचायत सरपंच समाज सेवी से शहबाज खा पठान का निधन हो गया इनके निधन पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम नेता नगर अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, वरिष पत्रकार राधेश्याम नागर नानागुरु, राजेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावडा, डॉक्टर एसटी जैदी, डॉ रूप सिंह नागर, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, रमेश चंद जाजू, वसूली पटेल जसवंत मंत्री, प्रेमचंद सेठी, नरेंद्र माली, मनोज जोशी, जीवन सिंह ठाकुर, संतोष गोस्वामी, अजहर खान, राजकुमार पटेल, पार्षद अबरार गांधी, पार्षद गुलरेज कुरैशी, अफजल मंसूरी, भाजपा नेता अंसार बैग गुड्डू उस्ताद, इलियास पठान, नौशाद कुरैशी, अनिल जायसवाल, सरदार खान, मुबारीक भाई निशान खान, शोहेल पठान, शाहीद पठान, चांद पठान आदी सामाजिक संगठनो ने श्रद्धांजलि दी।

### बनीबाई सेन का निधन

**देवास।** ग्राम कलवार निवासी माखन लाल सेन की धर्मपत्नी श्रीमती बनी बाई सेन का दुखद निधन हो गया निधन पर चंपालाल वर्मा नरेंद्र वर्मा शिव वर्मा सत्यनारायण वर्मा योगेंद्र वर्मा बिट्टू पवन वर्मा हेमराज वर्मा सुरेश वर्मा पूर्व उपसरपंच राजू वर्मा केदार वर्मा मनोज वर्मा नंदलाल वर्मा ने श्रद्धांजलि दी।

### चौधरी की नियुक्ति पर हर्ष

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट प्रवीण चौधरी



बागली को 25 दिसंबर 2025 को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न कैलाश वासी अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म जयंती शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने हेतु ?संपूर्ण देवास जिले की जिम्मेदारी स्वरूप जिला संयोजक का दायित्व सोंपा गया जिससे जिले भर के कार्यकर्ताओं में हर्ष है समिति में और चार सदस्य रहेंगे जिनमे पृथ्वीराज सिंह रजापुर बलराम दावढ़ा केसर सिंह देवगढ़ा प्रमोद डोंगलिया प्रमुख है जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा संगठन का नियुक्ति पर आभार माना है।

### श्मशान घाट मार्ग रोड का काम हुआ शुरू



**भौरासा।** नगर में वार्ड क्रमांक 2 में स्थित भुतडा की झीन से लेकर श्मशान घाट तक के सीसी रोड का निर्माण कार्य का काम शुरू किया गया रोड का भूमि पूजन कर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद छोटू लाल लोधी के द्वारा रोड का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया वही आपको बता दे की नगर में अन्य वार्ड में भी विकास कार्य जारी है व इन वार्डों में काम हो चुका है वार्ड क्रमांक 5, वार्ड क्रमांक 6, वार्ड क्रमांक 7 वार्ड क्रमांक 8, एव वार्ड क्रमांक 2 शमशान घाट मार्ग पर अब जा से रोड निर्माण कार्य शुरू किया गया है जिसको लेकर नगर में वार्ड के कि नगर में अब विकास कार्यों को नगर में पंख लगा चुके हैं नगर में अब तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं वही नगर परिषद अध्यक्ष जोशी एवं उपाध्यक्ष राणा के द्वारा बताया गया कि अन्य जो वार्ड रह गए हैं उनमें भी काम होना है यह रोड बनने से वार्ड के नागरिकों में खुशी की लहर है बताया जा रहा है कि यह रोड कई साल पूर्व बनाई गई थी यहां से निकलने में लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था बारिश में होने वाले कीचड़ से बचा जा सकेगा रोड बनने से वार्ड के लोगों को कीचड़ से काफी हद तक निजात मिलेगी इस अवसर पर धीरज छोटुलाल लोधी, भगवान सिंह कामदार, पूर्व पार्षद बद्रीलाल लाल लोधी, सुरेश चंद लोधी (टेलर) राजेश लोधी, सागर लोधी, पद्दीत विवेक शर्मा, कमल लोधी, पंडा जी, गौरव लोधी, आकाश लोधी, मनोज लोधी, नितिन चरन, आदि लोग मौजूद रहे।

### काले और पीले सोने की फसल फायदे का सौदा

**बागली।** क्षेत्र में कम सिंचाई वाले कृषक राई और सरसों की फसल लगाकर प्रति हेक्टेयर 70 से 80 हजार रुपए की कमाई कर लेते हैं। हम बात कर रहे हैं राई और सरसों फसल की जिसमें दो से तीन सिंचाई लगती है और मेहनत और खर्च बहुत कम लगता है। क्षेत्र से जुड़े किसान गेंदालाल पाटीदार सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि महज 3 किलो राई या सरसों बीज से एक हेक्टेयर भूमि रकबा की पूर्ति हो जाती है। विगत कुछ वर्षों में इस फसल की कीमत 7 से ?10 हजार रुपए क्विंटल तक की रही जिसके चलते कम सिंचित वाले किसानों ने इस फसल को लगाकर ?80 हजार रुपए तक का शुद्ध मुनाफा लिया है।इस वर्ष भी क्षेत्र के कई किसानों ने इस काला सोना और पीला सोना फसल पर दाव लगाया है। उद्यानिकी विभाग से जुड़े बागली विकासखंड प्रभारी राकेश सोलंकी ने बताया कि सरसों और राई फसल मसाला फसलों में शामिल है। और दलहन फसल भी है।अचार मसाला और सब्जी मसाला में इसका उपयोग किया जाता है। यदि किसान इसका उत्पादन करते हैं। तो उद्यानिकी विभाग योजना के तहत उन्हें ड्रिप और अन्य सामग्री प्रदान करता है। वैसे तो इस फसल में खर्च नहीं के बराबर होता है लेकिन कभी-कभी मोला बीमारी के चलते इसका पौधा खराब हो जाता है एवं अत्यधिक ठंड होने के चलते इस फसल को बहुत नुकसान पहुंचता है। इसके बच्चे हुए सूखे पौधे ईंधन के रूप में काम आते हैं।

## बीमा रोड एवं गजरा गियर्स से बीएनपी गेट तक के मार्ग निर्माण की एमआयसी में स्वीकृति



**देवास।** नगर निगम देवास मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल की अध्यक्षता मे बुधवार 17 दिसम्बर को निगम सभागृह मे सम्पन्न हुई। बैठक मे विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार द्वारा शासन को मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना अन्तर्गत गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट तक रोड निर्माण, मार्ग चौडीकरण, डिवाईडर, स्ट्राम वॉटर ड्रेन, स्ट्रीट लाईट, पाथकृवे निर्माण हेतु राशि 5.28 करोड तथा बीमा चौराहे से कर्मदीप स्कुल तक रोड निर्माण, मार्ग चौडीकरण, डिवाईडर, स्ट्राम वॉटर ड्रेन, स्ट्रीट लाईट, पाथ वे निर्माण हेतु राशि रूपये 11.17 करोड के प्रस्तावों को मेयर इन काउंसिल मे स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक मे मेयर इन काउंसिल सदस्य धर्मेन्द्रसिह बैस, गणेश पटेल, शीतल गेहलोत, मुस्तुफा अंसार एहमद, जितेन्द्र मकवाना, पिंकी संजय दायमा, सपना अजय पंडित, ममता बाबु यादव, अंतिम अजय पडियार, आयुक्त दलीप कुमार उपस्थित रहे। बैठक के ऐजेंडे के अन्य विषय पर प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक की 7 डीपीआर की 1297 हितग्राहियों की महापौर द्वारा दी पुष्टि की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक मे वार्ड 21 मे सेवाधाम के नजदीक उद्यान का गोद देने, इसी वार्ड मे एक अन्य उद्यान श्री श्याम हरिहर धार्मिक एवं सामाजिक सेवा समिती को रख रखाव हेतु देने के प्रस्ताव को भी पारीत किया गया। बीमा रोड पर (सम्पूर्ण प्रवेश निर्गम) मार्ग पर महर्षि गौतम द्वार निर्माण करने का प्रस्ताव पारीत किया गया। विकास नगर स्थित गार्डन को गोद लिये जाने, नामांकरण किये जाने एवं सहस्त्र बाहू अर्जुन की प्रतिमा स्थापित किये जाने का प्रस्ताव पारीत किया गया। वार्ड क्रमांक 17 ग्राम रसुलपुर का नाम परिवर्तित कर रामपुर रखने के प्रस्ताव को सर्वानुमति से मेयर इन कउंसिल सदस्यों द्वारा पारीत किया गया। बैठक मे निगम राजस्व विभाग के बाजार बैठक वसुली के प्रस्ताव भी शासन निर्देशानुसार पारीत करने का निर्णय लिया गया। इसमे रेहडी पटरी वाले छोटे व्यवसाईयों से प्रतिदिन वसुली नही कर वार्षिक रूपये 2 हजार या छ माही रूपये 1 हजार की वसुली की जावे के प्रस्ताव को पारीत किया गया। बैठक मे निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, आरती खेडेकर, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, सहायक यंत्री दिनेश चौहान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गृह निर्माण सामग्री एवं वेस्ट मटेरियल मुख्य मार्ग पर रखने पर चालानी कार्रवाई



**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर वार्ड 26 मे मोती बंगला क्षेत्र शिवाजी नगर एवं 27 वार्ड आनंद नगर में मार्ग पर गृह निर्माण की सामग्री एवं सीएनडी वेस्ट मटेरियल डालकर गंदगी फैलाये जाने पर रूपये 5 हजार की चालानी कार्यवाही निगम स्वास्थ्य विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। उक्त कार्यवाही निगम प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती के नेतृत्व मे मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, क्षेत्रिय वार्ड उपयंत्री भूमिका जैन, सहायक घनश्याम पवार व अरूण तोमर के द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

## सांदीपनि विद्यालय सन्नौड़ के 14 विद्यार्थियों का चयन



**देवास।** संकुल (जे.एस.के.) स्तर पर आयोजित ओलंपियाड प्रथम चरण -2025 का परिणाम घोषित किया गया। इसमे सांदीपनि विद्यालय सन्नौड़ के छात्र, छात्राओ ने अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विषयो की चयन सूचि मे अपना स्थान बनाया है। विद्यालय के कुल 14 विद्यार्थियो ने अलग- अलग विषयो मे और कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अगले चरण के लिए अपनी जगह बनाई है। कक्षा 3री से प्रिया चौहान (अंग्रेजी) कक्षा 6 टी मोहित फतरोड़ (अग्रेजी गणित, सस्कृत) यामिनी पटेल (हिन्दी विज्ञान) अवनि विश्वकर्मा (विज्ञान) साँवारिया चौधरी, (सामजिक विज्ञान) कक्षा 7वी काजल राजोरिया (सस्कृत, हिन्दी) अक्षिता बैस (सस्कृत) लक्ष्य कारपेन्टर (हिन्दी, सा. विज्ञान) नेहा कमल (गणित) उज्जवल कृष्ण कुमार (सा.विज्ञान, विज्ञान) शीतल कीर (विज्ञान) कक्षा 8वी कृष्णा ओमप्रकाश (हिन्दी, सस्कृत) वैष्णवी त्रिलोक (गणित, सा.विज्ञान) जिविका (संस्कृत) विषयो मे चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इनके चयन मे प्रा. शिक्षक प्रियंका पाटीदार, राजेन्द्र चौधरी, मा. शिक्षक दिनेश पटेल, राजेन्द्र नागर, नलिनी वाघमारे, प्रेमलता भंडारी, सुरेश प्रजापत, पूजा चौधरी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसानिया, माध्यमिक प्रधानाध्यापक राजेश पटेल एवं प्राथमिक प्रधानाध्यापक देवेन्द्र मुकाती ने बच्चो एवं शिक्षको को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

## इनोवेटिव पब्लिक स्कूल ब्लू स्टार वाटर अवार्ड से सम्मानित

**35 लाख लीटर पानी बचा कर जमीन में पहुंचाया**



**देवास।** भू जल स्तर को बढ़ाने और जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ जिला प्रशासन देवास और अमृत संचय अभियान की टीम दृढ़ संकल्पित हैं। इसी उद्देश्य को लेकर जिलाधीश ऋतुराज सिंह द्वारा शासकीय/अशासकीय, निजी उद्योग/प्रतिष्ठानों और व्यक्तियों के द्वारा जल संचय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रतिष्ठित ब्लू स्टार वाटर अवॉर्ड की शुरुआत की गई। इस अवॉर्ड के शुरुआत में जिले की 12 संस्थानों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने के लिए जिला प्रशासन और अमृत संचय अभियान टीम द्वारा ब्लू स्टार वाटर अवार्ड अलंकरण समारोह-2025 का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में भूजल संवर्धन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर इनोवेटिव पब्लिक हा. से. स्कूल देवास को प्रतिष्ठित ब्लू स्टार वाटर अवार्ड प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, महापौर गीता अग्रवाल, यूनाइटेड किंगडम से लेखक एवं पर्यावरणविद प्रो.मार्क एंड्रयू, वाटर विजडम के निदेशक ओ.पी. शर्मा, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य सय्यद मक़सूद अली ने बताया की इस अवार्ड का मुख्य उद्देश्य जन आंदोलन के माध्यम से अमृत संचय अभियान को बढ़ावा देने के साथ ही पानी का संचयन करना हैं। इस अमृत संचयन अभियान के तहत इनोवेटिव पब्लिक स्कूल देवास ने लगभग 35 लाख लीटर पानी बचा कर जमीन में पहुंचाया है। इस अवसर पर अमृत संचय अभियान के प्रमुख डॉ सुनील चतुर्वेदी, डॉ समीरा नईम, गंगा सिंह सोलंकी, मनीष वैद्य, सफिया कुरैशी, श्रीकांत उपाध्याय उपस्थित थे।

विद्यालय की इस उपलब्धि पर अंसार अहमद हाथीवाले, रामेश्वर पटेल सर, प्रयास गौतम सर, शब्बीर अहमद, मिर्ज़ा मुशाहिद बैग, आदिल पठान, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, शकील अहमद कादरी सर सहित कई गणमान्य नगरिकों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

## शासकीय विद्यालयों में सनफार्मा ने दी सुविधाएं एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**देवास।** सनफार्मा फ़ार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय, इटावा में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए आधुनिक इंट्रेक्टिव पैनल, स्पोर्ट्स किट एवं वाटर कूलर व आरो उपलब्ध कराए गये एवं शासकीय नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल से विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था एवं स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शाल श्रीफल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सनफार्मा से सुमित सिंह एवं शेख निसार सीएसआर एक्ज़ीक्यूटिव सनफार्मा देवास, अशोक साहू संकुल प्रभारी, किशोर वर्मा (बीआरसी) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सपना शर्मा तहसीलदार देवास तथा आसरा सामाजिक लोक कल्याण समिति के संस्था प्रमुख शैलेश श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम समन्वयक जितेंद्र कुमावत उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या रेखा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर तहसीलदार सपना शर्मा द्वारा अपने आगामी जन्मदिवस के पूर्व बच्चों के साथ केक काटकर एवं चॉकलेट वितरित कर अपना जन्मदिवस मनाया। नूतन विद्यालय मे उपस्थित सभी छात्र छात्राओं का निशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण किया गया जिससे सभी छात्र छात्राये लाभान्वित हुए। इस अवसर पर अन्य शिक्षणगण एवं आसरा संस्था से श्रीमती शैलू श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय में उपलब्ध कराई गयी सभी सामग्री एवं स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुए कहा कि यह सुविधा छात्राओं के बेहतर शिक्षा वातावरण को प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने संस्था और कंपनी द्वारा किए जा रहे सामाजिक दायित्वों के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने सनफार्मा तथा आसरा संस्था के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा सनफार्मा प्रतिनिधि को अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सनफार्मा कंपनी द्वारा ऐसे सकारात्मक कार्य विद्यालय के विकास में योगदान देते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन शिवेश शर्मा द्वारा किया गया।

## बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय संचालन के विरुद्ध कार्रवाई



**देवास।** आयुक्त दिलीप कुमार के निर्देशन में नगर निगम के लाइसेंस विभाग द्वारा शहर में बिना ट्रेड लाइसेंस के व्यवसाय संचालन के विरुद्ध सतत कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई निगम स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में की जा रही है। अभियान के दौरान बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के व्यापार करते पाए गए प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर चालानी कार्रवाई करते हुए अर्थदंड वसूला गया। इसी क्रम में शहतोल कांटा पर रूपये 1 हजार की चालानी कार्रवाई की गई, बालाजी किराना स्टोर पर रूपये 1 हजार का अर्थदंड लगाया गया तथा एंजेल मोबाइल्स पर भी नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त बुरहानी बैग पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही, बिना अनुमति वृक्ष काटने के प्रकरण में संबंधित के विरुद्ध रूपये 10 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में धर्मेश विजयवर्गीय, अनिल बंजारे, चंद्रशेखर ठाकुर एवं गोविंद डंगरे उपस्थित रहे। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। सभी व्यापारियों से अपील है कि वे आवश्यक ट्रेड लाइसेंस प्राप्त कर ही अपना व्यवसाय संचालित करें एवं नगर निगम के नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

## गंदगी फैलानें व कचरा जलाने पर की चालानी कार्रवाई

**देवास।** नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर शहर मे सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर चालानी कार्यवाही कर अर्थदण्ड वसुला जा रहा है। आयुक्त के निर्देश पर निगम स्वच्छता अमले के स्वच्छता निरीक्षकों, वार्ड दरोगाओं द्वारा अपने अपने क्षेत्रों मे सघन रूप से निरीक्षण कर सफाई कार्य व्यवस्था मे बाधा पहुंचाकर अपने घरों, प्रतिष्ठानों, दुकानों का कचरा सार्वजनकि स्थानों पर फैंक कर गंदगी फैलाई जा रही है, ऐसे लोगों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही के अन्तर्गत 15 दिसम्बर को 37 लोगों पर चालानी कार्यवाही कर 9 हजार 1 सौ का अर्थदण्ड वसुला गया।चालानी कार्यवाही मे स्वच्छता उप निरीक्षक विजय सांगते के द्वारा वार्ड 38 मे आनंद इलेक्ट्रिक पर रूपये 3 सौ, सुपर मार्केट राजकमल बैंड संचालक पर रूपये 5 सौ, जनता सहकारी बैंक पर कचरा सार्वजनकि स्थान पर फैंकने पर चालानी कार्यवाही की गई। इसी प्रकार स्वच्छता निरीक्षक संदीप सांगते के द्वारा वार्ड 40 मुकरबा मे कचरे मे आग लगाने पर तथा वार्ड 39, 40, 41 मे फल विक्रेता द्वारा अमानक पॉलिथीन व सार्वजनकि स्थानों पर गंदगी फैलाने एवं कचरा जलाने पर भी कार्यवाही की गई।

## विधायक डॉ . सोनकर ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, विकास संबंधी विषयों पर हुई चर्चा

**सोनकच्छ ।** सोनकच्छ विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विधायक डॉ. सोनकर ने सोनकच्छ क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति एवं आगामी योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री के समक्ष कई प्रमुख बिंदु रखे। मुख्य रूप से उन्होंने सोनकच्छ के सांदीपनि स्कूल (सी एम राइज) के शीघ्र निर्माण एवं क्रियान्वयन की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना कालीसिंध नदी पर प्रस्तावित भूतेश्वर बैराज परियोजना के संबंध में भी चर्चा की। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन, कार्य पूर्णता एवं टेंडर प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को देने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त, विधायक डॉ. सोनकर ने क्षेत्र की सबसे बड़ी जल परियोजना चंबल कालीसिंध नर्मदा लिंक के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की, जिससे क्षेत्र की सिंचाई,



पेयजल एवं कृषि विकास में व्यापक लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी सरकार के अभ्युदय मध्य प्रदेश के दृष्टिकोण के अनुरूप, क्षेत्रीय विकास से जुड़े सभी कार्यों के शीघ्र निष्पादन एवं क्रियान्वयन के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश एक नई दिशा में अग्रसर है। सोनकच्छ क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए जो सहयोग और संवेदनशीलता मुख्यमंत्री जी द्वारा दिखाई गई है, वह अभ्युदय मध्य प्रदेश के सपने को साकार करने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

**एक नजर** राशि मनरेगा की, काम ठेकेदार और मशीन का

## मनरेगा के माध्यम से हो रहे करोड़ों रुपए के कार्य, लेकिन मजदूर अन्य स्थान पर पलायन करने को मजबूर

**बागली।** क्षेत्र में आसपास पांच से अधिक आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायतें स्थित है। सभी ग्राम पंचायतो में प्रतिवर्ष मनरेगा मजदूरी से लाखों रुपए के निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं जिसमे ताजा मामला बाल वाटिका का है। इस निर्माण में 15वे/05वे वित्त अंतर्गत शत प्रतिशत मजदूरी मनरेगा योजना केतहत जॉब कार्ड के जरिए पंचायत निवास रत जॉब कार्ड धारी मजदूरों को मजदूर देने का नियम है। लेकिन लगभग सभी पंचायत में जॉब कार्ड धारी मजदूर घर पर ही बैठे हैं या अन्य स्थान पर मजदूरी करने को मजबूर है । नियम अनुसार वर्ष में 125 मजदूरी प्रत्येक जॉब कार्ड धारक को देना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत चार बर्डी में वर्तमान जनसंख्या 1900 है और 290 परिवारों के जॉब कार्ड बने हुएहैं। हाल ही में यहां बाल वाटिका का निर्माण चल रहा है लेकिन स्थानीय लोगों को कोई मजदूरी नहीं दी गई यह सब काम ठेकेदारी प्रथा से या बाहर से बुलाए मजदूरों द्वारा करवाया जा रहा है। पंचायत से जुड़े पूर्व सचिव द्वारा बताया गया कि 2007 में शत प्रतिशत ग्राम पंचायत परिवारों के जॉब कार्ड बना दिए गए थे जिन परिवारों ने लंबे समय तक मजदूरी नहीं की या जॉब कार्ड नहीं लगाए उन लोगों के कार्ड डिलीट हो गए वर्तमान स्थिति में 290 जॉब कार्ड धारक परिवार निवास रत है। पंचायत से जुड़े अधिकतर जॉब कार्ड धारक बता रहे हैं कि समय-समय पर पंचायत सचिव और रोजगार सहायक द्वारा उनके जब कार्ड योजनाओं में लगा दिए जाते हैं और भुगतान निकाल लिया जाता है हालांकि इसके बदले आशिक प्रतिशत राशि जॉब कार्ड परिवारों को दे दी जाती है। यहां के निवासीयो ने बताया कि कागज पर उनके जॉब कार्ड दिखाई देते हैं राशि भी निकलती है लेकिन धरातल पर मजदूरी नहीं दी जाती है यही सिलसिला सभी ग्राम पंचायत में बेधड़क चल रहा है हाल ही में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना का नाम बदलकर अन्य नाम रखने की चर्चा देश में चल रही है। बागली जनपद अंतर्गत देवास जिले में सबसे अधिक ग्राम पंचायत आती है और प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए के कार्य मनरेगा के माध्यम से हो रहे हैं लेकिन मजदूर है कि अन्य स्थान पर पलायन करने को मजबूर बन गए हैं।

**इनका कहना है**

इस संबंध में पंचायत इंस्पेक्टर फतेह सिंह गवली ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा राशि लती है और मजदूरी भी परिवार के सदस्यों को काम के हिसाब से दी जाती है। कोई शिकायत यदि करता है तो जांच अवश्य की जाएगी।